[1/3/2021]

परिशिष्ठ- "अ"

प्रश्न सं. [क्र. 1786]

मध्यप्रदेश शासन,
आदिम जाति कल्याण विभाग
मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19/03/2020

//आदेश//

क्रमांक एफ 4-132/2018/25/1 :: मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-9/2018/सात/6 भोपाल दिनांक 29/09/2018 द्वारा टीकमगढ़ जिले की सीमाओं में से तहसील- पृथ्वीपुर, निवाड़ी एवं ओरछा को अपवर्जित करते हुए इन तहसीलों को समाविष्ट करते हुए एक नवीन जिला निवाड़ी का सृजन दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 से किया गया है।

2/ राज्य शासन एतद् द्वारा नवगठित जिला निवाड़ी के लिये जिला संयोजक स्तर का कार्यालय प्रतिस्थापित किये जाने हेतु निम्नानुसार पदों का सृजन/पुनर्वितरीत किया जाता है:-

क्र	पदनाम	श्रेणी	वेतनमान	टीकमगढ़ जिले में एकल पद से अधिक पद	निवाड़ी हेतु ट्रांसफर किये जाने वाली संख्या	नवीन पद सृजन	वार्षिक व्यय भार (राशि रूपये लाखों में)
1	जिला संयोजक	द्वितीय	56100-177500	---	---	01	14.57
2	मंडल संयोजक	द्वितीय	28700-91300	03	01	---	7.48
3	लेखापाल	तृतीय	25300-80500	02	01	---	6.60
4	सहायक ग्रेड-2	तृतीय	25300-80500	02	01	---	6.6
5	सहायक ग्रेड-3	तृतीय	19500-62000	04	02	---	10.16
6	भृत्य	चतुर्थ श्रेणी	15500-49000	03	01	---	4.02
						योग-	49.43

3/ उक्त पदों के सृजन पर रूपए 49.43 लाख वार्षिक तथा कार्यालय व्यय पर रूपए 8.85 लाख इस प्रकार आवर्ती व्यय रूपए 58.28 लाख तथा अनावर्ती व्यय रूपए 17.00 लाख इस प्रकार कुल वित्तीय व्यय भार रूपये 75.28 लाख आयेगा।

उक्त व्यय भार मांग संख्या 49 मुख्यशीर्ष 2225 अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण 01 अनुसूचित जातियों का कल्याण 001 निर्देशन अं प्रशासन 101-सामान्य 1474 जिला कार्यालयों की स्थापना वेतन भत्ते एवं अन्य मद अन्तर्ग विकलनीय होगा।

यह आदेश मंत्री परिषद निर्णय के आयटम क्रमांक 11 दिनांक 19 फरवरी 2020 के संदभ में जारी किया गया है।

कार्यालय कलेक्टर टीकमगढ़
शाखा का नाम...
18 MAY 2020

(दिनेश श्रीवास्तव)
उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन
आदिम जाति कल्याण विभाग
भोपाल दिनांक 19/03/2020

पृ.एफ 4-132/2018/25/1

प्रतिलिपि-

1. निज सहायक मान.मंत्री जी, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, म.प्र. शासन, मंत्रालय, भोपाल।
4. निज सहायक, प्रमुख सचिव म.प्र. शासन आदिम जाति कल्याण विभाग।
5. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
6. महालेखाकार, म.प्र. ग्वालियर।
7. आयुक्त, आदिवासी विकास, म.प्र. भोपाल।
8. कलेक्टर, टीकमगढ़/निवाड़ी, म.प्र.।
9. संभागीय उपायुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग सागर, म.प्र.।
10. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, टीकमगढ़/निवाड़ी, म.प्र.।
11. आयुक्त, कोष एवं लेखा, भोपाल।
12. जिला कोषालय अधिकारी, टीकमगढ़/निवाड़ी, म.प्र.।
13. आर्डर बुक।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन